# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक / एफ / प्रशा / स्था / 2023 / 7323 दिनांक 23/08/2023

प्रति,

समस्त विभागाध्यक्ष / समन्वयक / वार्डन / निदेशक अध्ययनशालाएँ

एवं समस्त विभागाधिकारी, प्रशासनिक भवन,

जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

विषयः—चन्द्रयान—3 की लैंडिग की लाइव स्ट्रीमिंग के संबंध में।

संदर्भः—कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा, म0प्र0 शासन से प्राप्त पत्र कमांक 1038 / 447 / आउशि / शा—5'अ' / 2023 भोपाल, दिनांक 22 / 08 / 2023

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के संबंध में लेख है, कि **"चन्द्रयान —3 मिशन"** के साथ भारत के अंतरिक्ष अन्वेषण की यात्रा भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों में एक नया अध्याय जोड़ा है। भारत के चन्द्रयान—3 की लैंडिंग एक यादगार अवसर है जो हमारे युवाओं के मन में अन्वेषण की अलख जगाएगा। इस गौरवमय अवसर पर भारतीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की शक्ति एवं वैज्ञानिक शोध और नवाचार को प्रोत्साहित करने में योगदान देगा। जिसमें भारत के माननीय प्रधानमंत्री जी इस महत्वपूर्ण अवसर पर राष्ट्र के साथ शामिल रहेंगें।

उक्त चन्द्रयान—3 की लैंडिंग की लाइव स्ट्रीमिंग दिनांक 23 / 08 / 2023 को सांय 05:27 बजे से इसरो की बेबसाइड (https://www.isro.gov.in/) इसरो के आधिकारिक यूट्यूब चैनल (ISRO Official), इसरो का फेसबुक पेज (https://@www.facebook.com/ISRO) और डीडी नेशनल टीवी / निजी चैनल संहित कई प्लेटफार्मो के माध्यम से प्रसारित किया जावेगा।

अतः इस गौरवशाली अवसर के साक्षी ब्रनने हेतु आदेशानुसार जीवाजी विश्वविद्यालय की समस्त अध्ययनशालाओं के साथ—साथ गालव सभागार में सांय 05:30 बजे से सांय 06:30 बजे तक विद्यार्थियों शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सीधे प्रसारण दिखाये जाने हेतु व्यवस्था सुनिश्चित कराएँ। इस बावत् समस्त विभागाध्यक्ष / समन्वयक / वार्डन / निदेशक एवं समस्त विभागाधिकारियों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्तानुसार अपने अधींनस्थ विद्यार्थियों / शिक्षकों / कर्मचारियों को निर्धारित समय व स्थान पर उपस्थित होने हेतु निर्देशित करें।

आदेशानुसार

कुलसचिव

**प्रतिलिपि :—**

1. अधिष्ठाता छात्र कल्याण, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किये जांने हेतु।
2. श्री संजय बरतरिया एवं श्री एच0के0द्विवेदी तकनीकि रूप से सहयोग करना सुनिश्चित करें।
3. कुलाधिसचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

सहा0 / उप0—कुलसचिव (प्रशासन)